jalandharcitylive.com jalandharcitylive jalandharcitylive jalandharcitylive

जालंधर

आप सभी को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

|| मां लक्ष्मी की कृपा से आपके घर में सुख, समृद्धि और धन की वर्षा हो। ||

वर्ष:5 ❖ अंक : 290 ❖ पृष्ठ:4 ❖ मूल्य: 5 रुपये ❖ जालंधर, शुक्रवार 06 नवम्बर, 2026 ❖ संपादक: रमेश चन्द्र नेहरा: 9855559913

INNOCENT HEARTS SCHOOL
Learning Today... Leading Tomorrow !
Nursery to Grade-12
(Affiliated to CBSE)
1800 833 4600 www.innocenthearts.in
ADMISSION OPENS SESSION 2027 -28
REGISTRATIONS START FROM AUGUST 04, 2026
*Seat availability as per the vacancy at respective campuses
NURSERY, LKG & UKG
Our Campuses in Jalandhar*
GMT Green Model Town
LOHARAN Nakodar Road
DIWALI Cantt.- Jandiala Road
NOORPUR Pathankot Road
KPT. ROAD Sports & Surgical Complex, Kapurthala Road




जालंधर में घर के बाहर एक्स-यू-वी पर फायरिंग

छत पर खड़े युवक पर भी चलाई गोली, बाल-बाल बचा

- अपराधियों के हौंसले एक बार फिर बुलंद नजर आए
- बाइक सवार 5 युवकों ने कुल 6 राउंड गोलियां चलाईं

जालंधर सिटी लाइव





जालंधर/जतिनः जालंधर में अपराधियों के हौंसले एक बार फिर बुलंद नजर आए। गुरु नानक नगर में देर रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए पांच युवकों ने एक घर के बाहर खड़ी XUV कार को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमलावरों ने कुल 6 राउंड गोलियां चलाईं। घर की छत पर मौजूद युवक पर भी गोली चला दी। हालांकि, युवक बाल-बाल बच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों की पहचान करने में जुटी है। मौके से छह कारतूस बरामद हुए हैं और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। गुरु नानक नगर निवासी पीड़ति साहिल ने बताया कि रात करीब 11 बजे कुछ युवक घर के बाहर खड़ी कार को हटाने के लिए कहने लगे। उसके पिता घर पर नहीं हैं, साहिल की यह बात सुनकर युवक वहां से चले गए। कुछ समय बाद दो बाइक सवार पांच युवक घर के बाहर पहुंचे। उस समय वह घर की छत पर टहल रहा था। अचानक शोर की आवाज सुनकर नीचे देखा तो आरोपियों ने एक के बाद एक 6 राउंड गोलियां चलाई। पीड़ति ने बताया कि छत से ही हमलावरों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान गाली-गलौज भी हुई। गुस्साए आरोपियों ने उसकी तरफ भी गोली चला दी, लेकिन किस्मत से गोली उसे नहीं लगी। इसके बाद पांचों आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। साहिल ने पुलिस को बताया कि वह हमलावरों में से किसी को नहीं जानता और न ही उसकी किसी के साथ कोई दुश्मनी है। पीड़ति ने थाने में शिकायत दर्ज करवा दी है।

छह कारतूस बरामद, सीसीटीवी फुटेज खंगाली

मौके पर पहुंचे ACP नॉर्थ करनैल सिंह ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से गुरु नानक नगर में फायरिंग की सूचना मिली थी। थाना नंबर-1 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके से छह कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची जा रही है। शुरुआती जांच में पांच संदिग्ध दो मोटरसाइकिलों पर घटनास्थल की तरफ आते और वारदात के बाद फरार होते दिखाई दिए हैं।

झोटा हत्याकांड में 22 दिन बाद टूटा गतिरोध, परिवार और सरकार के बीच हुआ समझौता



मानसा। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले दिवंगत सामाजिक कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा के हत्याकांड में 22 दिनों से चला आ रहा गतिरोध आखिरकार समाप्त होने की दिशा में बढ़ गया है। पंजाब सरकार और झोटा के परिवार तथा इंसाफ कमेटी के बीच लंबी बैठक के बाद कई अहम मांगों पर सहमति बन गई है। बुधवार शाम मानसा में विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां की मौजूदगी में करीब पांच घंटे तक बैठक चली। इसके बाद सरकार ने झोटा के परिवार को 2 करोड़ रुपये मुआवजा देने और उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी देने का आश्वासन दिया। समझौते के अनुसार, झोटा का पोस्टमार्टम पीजीआई चंडीगढ़ के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा करवाया जाएगा। इसके बाद 6 नवंबर को धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जा चुकी है। सरकार ने झोटा की याद में सरकारी जमीन पर स्मारक प्रतिमा स्थापित करने और ख्याला कलां में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का नाम उनके नाम पर रखने की प्रक्रिया शुरू करने का भी भरोसा दिया है। इसके अलावा मामले से जुड़े एसएचओ, डीएसपी और इग्ग इंस्पेक्टर को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

मिडटर्म में हारे ट्रंप को मोजतबा की खुली चुनौती

अब ईरान तोड़ेगा अमेरिका का घमंड, खत्म करेगा सुपरपावर की ताकत !

जालंधर सिटी लाइव

तेहरान। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को लगे बड़े झटके के बाद ईरान ने वाशिंगटन के खिलाफ अपने तेवर और कड़े कर दिए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसने दोबारा ईरान पर सैन्य हमला किया तो इस बार जवाब पहले से कहीं ज्यादा व्यापक और कड़ा होगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका का वैश्विक वर्चस्व कमजोर पड़ रहा है और उसके अपने कदमों ने इस प्रक्रिया को तेज कर दिया है। मुजतबा खामेनेई का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों में बढ़त हासिल कर ली है। इससे ट्रंप के सामने अपने कार्यकाल के अगले दो वर्षों में राजनीतिक और विधायी चुनौतियां बढ़ गई हैं। हालांकि, चुनावी नतीजों का मतलब यह नहीं है कि राष्ट्रपति के सैन्य अधिकार स्वतः समाप्त हो गए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने बुधवार को जारी अपने लिखित संदेश में कहा कि ईरान के प्रति अमेरिका का शत्रुतापूर्ण रवैया केवल राजनीतिक दलों के बदलने से नहीं बदलेगा। अमेरिका में राष्ट्रपति की पार्टी को जीत मिले या हार, सत्ता में रिपब्लिकन रहें या डेमोक्रेट, इससे तेहरान के प्रति वाशिंगटन की नीतियों में बुनियादी बदलाव की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।



ट्रंप की हार से डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बढ़त

अमेरिका में 3 नवंबर को हुए मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। पार्टी ने प्रतिनिधि सभा और सीनेट दोनों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। इससे राष्ट्रपति ट्रंप के लिए अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना मुश्किल हो सकता है। डेमोक्रेट्स अब सरकार के फैसलों की जांच और प्रशासनिक जवाबदेही तय करने में भी अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। चुनाव में महंगाई, जीवनयापन की बढ़ती लागत, ईंधन की कीमतों और ईरान के साथ जारी युद्ध को मतदाताओं की नाराजगी के प्रमुख मुद्दों में गिना गया। एसोसिएटेड प्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान युद्ध और उससे जुड़ी बढ़ती पेट्रोल कीमतों ने रिपब्लिकन पार्टी के प्रदर्शन को प्रभावित किया।

Follow us on
DECADES OF TRUSTED WORLD
Gajranwala Jewellers
THE TRUSTED & THE OLDEST JEWELLERY HOUSE
Plaza Chowk, G.T. Road, Jalandhar +91-94656-66699
UPTO 40%* OFF
ON MAKING CHARGES OF GOLD & DIAMOND JEWELLERY
*T&C APPLY
OPEN SUNDAY

जालंधर की फगवाड़ा गेट मार्केट में बवाल

- सड़कों पर वाहनों की पार्किंग होने से हो रही आवाजाही में परेशानी
- सोशल मीडिया पर वीडियो के वायरल होने से इलाके में मची हलचल

जालंधर सिटी लाइव

दुकानदारों ने राहगीर को पीटा



जालंधर/बादल : जालंधर के बाजारों में बढ़ती भीड़ के बीच फगवाड़ा गेट मार्केट में मारपीट का मामला सामने आया है। बाजार में दुकानों के बाहर सामान रखने और सड़कों पर वाहनों की पार्किंग के कारण पहले ही लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। इसी बीच बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने से इलाके में हलचल मच गई। वीडियो में कुछ दुकानदार एक राहगीर के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। मामले का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में बाजार की सड़क पर कुछ लोग आपस में हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। घटना के समय सड़क पर जाम जैसी स्थिति बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, फगवाड़ा गेट मार्केट में कई लोग अपने दोपहिया वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। दुकानों के बाहर सामान रखने से भी रास्ता तंग हो जाता है। पुलिस पहले भी दुकान के बाहर सामान न रखने और वाहन पार्किंग न करने की हिदायत दे चुकी है।

वीडियो वायरल होते ही मौके पर पहुंची पुलिस

मामले का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। स.ह जगदीश लाल पुलिस टीम के साथ फगवाड़ा गेट मार्केट पहुंचे। वायरल वीडियो को जांच के लिए डाउनलोड कर लिया गया है। फुटेज के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जाएगी। पुलिस पीड़ति के बयान दर्ज करेगी। इसके बाद जांच में सामने आने वाले तथ्यों और आरोपों के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स एशिया 2027 में LPU की उल्लेखनीय उपलब्धि से जुड़ी जानकारी साझा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने 33 स्थानों की छलांग लगाते हुए एशिया में 154वां स्थान और भारत में 12वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही LPU देश का दूसरा सर्वोच्च रैंकिंग वाला निजी विश्वविद्यालय बनकर उभरा है। विशेष रूप से, LPU ने IIT हैदराबाद, IIT इंदौर, IIT गांधीनगर और IIT (BHU) वाराणसी सहित कई IITs और सभी NITs से बेहतर रैंक हासिल की है। विश्वविद्यालय ने इंटरनेशनल रिसर्च नेटवर्क श्रेणी में भी भारत में दूसरा और एशिया में 15वां स्थान प्राप्त किया है, जो वैश्विक शोध सहयोग और अकादमिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती उपलब्धियों को दर्शाता है।

05-11-2026_Layout 1 06-11-2026 01:24 Page 2

गृहमंत्री शाह का नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला, बोले-सड़क पर बहस करनी है तो हरियाणा में जगह बता दो

राहुल पर संसद की कार्यवाही को बाधित करने और गंभीर चर्चाओं से भागने का आरोप

- कहा-संसद में शोर-शराबा और भारी हंगामा करना कांग्रेस पार्टी की संस्कृति बन चुका है

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर संसद की कार्यवाही को बाधित करने और गंभीर चर्चाओं से भागने का आरोप लगाया है। अमित शाह ने कहा कि संसद में शोर-शराबा और हंगामा करना कांग्रेस की संस्कृति बन चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब संसद में बात नहीं बनती, तो कांग्रेस सड़कों पर भीड़ जुटाकर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश करती है। सड़क पर चर्चा करने की चुनौती देते हुए अमित शाह ने राहुल गांधी को सीधा आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी को संसद छोड़कर सड़क पर बहस करने का इतना ही शौक है, तो वे हरियाणा का कोई भी चौराहा तय कर लें। शाह ने कहा कि राहुल से बहस करने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा (BJYM) का अध्यक्ष ही काफी है। उन्होंने नसीहत दी कि लोकतंत्र में संसद की बातें संसद के भीतर होनी चाहिए, न कि सड़कों पर। चुनाव परिणामों पर राहुल गांधी के रवैये को लेकर गृह मंत्री ने कहा कि लगातार मिल रही चुनावी हार के बाद राहुल गांधी अपनी संगठनात्मक और व्यक्तिगत नाकामियों को स्वीकार करने के बजाय चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर अनर्गल आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस चुनाव हारती है, तो मैच हारने के बाद रेफरी को चीटर बताने की तरह राहुल गांधी भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाने लगते हैं।

फर्जी और घुसपैठियों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे

मतदाता सूची संशोधन (SIR) प्रक्रिया का जिक्र करते हुए अमित शाह ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए फर्जी और गैर-कानूनी घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं और ऐसे तत्वों को देश से बाहर निकाला जाएगा। हालांकि, दुख की बात यह है कि राहुल गांधी और उनकी पार्टी वोट बैंक की राजनीति के कारण इन घुसपैठियों के बचाव में खड़ी नजर आ रही है।

डीए बकाया मामले में पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

चंडीगढ़। पंजाब सरकार को सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते (डीए) के बकाया भुगतान से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वीरवार को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से पंजाब के मुख्य सचिव के.ए.पी. सिन्हा और अन्य अधिकारियों के खिलाफ शुरू की गई आपराधिक अवमानना की कार्यवाही पर रोक लगा दी। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि फिलहाल आपराधिक अवमानना की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ेगी। इसके साथ ही सिविल अवमानना मामले में भी सरकार के खिलाफ किसी तरह की जबरन कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 3 अगस्त को राज्य सरकार को कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का लंबित महंगाई भत्ता और महंगाई राहत जारी करने के निर्देश दिए थे।

लुधियाना में बेकाबू वरना कार का कहर!

5 लोगों को कुचला, हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

- आसपास के लोग आगे आए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया
- पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाले ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया
- बाजार में लोगों की भीड़ देखकर कार पर नियंत्रण खो बैठा था वह

जालंधर सिटी लाइव



सीसीटीवी में कैद हुआ सड़क हादसे का खौफनाक मंजर

इस पूरी घटना का घ्टश्रङ्क फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में वरना कार तेज रफ्तार से सड़क पर जाती दिखाई दे रही है। कार सड़क किनारे चल रहे लोगों को एक के बाद एक टक्कर मारती नजर आती है। फुटेज सामने आने के बाद हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

लुधियाना। लुधियाना में वीरवार सुबह-सुबह एक तेज रफ्तार वरना कार ने सड़क पर मौत का कहर मचा दिया। सुबह करीब 8ः15 बजे व्यस्त बाजार की सड़क पर कार अचानक बेकाबू हो गई और रास्ते में आने वाले करीब 5 लोगों को टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में स्कूटी पर सवार एक सब्जी विक्रेता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोग मदद के लिए आगे आए और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि बाजार में लोगों की भीड़ देखकर वह घबरा गया और कार पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण यह भीषण हादसा हो गया।

स्वर्गीय दिवित जी की श्रद्धांजलि सभा बाठ कैसल में संपन्न

साध्वी सुमेधा भारती जी ने आत्मा की अमरता का दिया संदेश

जालंधर सिटी लाइव



- कहा, किसी प्रियजन के बिछड़ने का दुख स्वाभाविक है, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण हमें इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करता है।

जालंधर/सिद्ध : स्वर्गीय श्री दिवित जी की पावन स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बाठ कैसल में श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य साध्वी सुश्री सुविधा भारती जी विशेष रूप से उपस्थित हुईं। उन्होंने श्री गरुड़ पुराण एवं श्रीमद्भागवत गीता के आध्यात्मिक प्रसंगों के माध्यम से जीवन की नश्वरता, आत्मा की अमरता तथा मृत्यु के शाश्वत सत्य पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक चिंतन की प्रेरणा दी। अपने प्रेरणादायी विचारों में साध्वी जी ने बताया कि मनुष्य का जीवन अत्यंत अनमोल है, लेकिन यह भौतिक शरीर नश्वर है। संसार में जो भी जन्म लेता है, उसकी मृत्यु निश्चित है। मृत्यु जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मा की एक अवस्था से दूसरी अवस्था की ओर यात्रा है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी आत्मा को अजर, अमर और अविनाशी बताया है। आत्मा न तो जन्म लेती है और न ही उसकी मृत्यु होती है। केवल शरीर का परिवर्तन होता है, ठीक उसी प्रकार जैसे मनुष्य पुराने वस्त्र त्यागकर नए वस्त्र धारण करता है। साध्वी जी ने आगे समझाया कि जीवन और मृत्यु प्रकृति के अटल नियम हैं। मनुष्य अक्सर सांसारिक मोह-माया और भौतिक उपलब्धियों में उलझकर अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूल जाता है। ऐसे समय में आध्यात्मिक ज्ञान ही उसे जीवन की वास्तविकता से परिचित करवाता है। उन्होंने कहा कि किसी प्रियजन के बिछड़ने का दुख स्वाभाविक है, लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण हमें इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करता है। इस अवसर पर उनके साथ साध्वी किरण भारती जी, साध्वी अखंडज्योति भारती जी, साध्वी पूर्णिमा भारती जी साध्वी नीलम भारती जी और साध्वी और योगिनी भारती जी ने प्रेरणादाई भजनों का गायन किया। स्वामी सज्जननंद जी ने अपने विचारों में बताया कि परमात्मा की प्राप्ति और आत्मिक जागृति ही मानव जीवन का वास्तविक लक्ष्य है। केवल धार्मिक ग्रंथों का पाठ करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना भी आवश्यक है। जब मनुष्य को ब्रह्मज्ञान के माध्यम से आत्मा और परमात्मा के वास्तविक स्वरूप का बोध होता है, तभी उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और वह सुख-दुख की परिस्थितियों में भी मानसिक संतुलन बनाए रखने में सक्षम होता है। इस श्रद्धांजलि सभा के दौरान फिल्म इंडस्ट्री, म्यूजिक इंडस्ट्री और शहर के जाने माने लोगों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साध्वी जी के आध्यात्मिक प्रवचनों ने उपस्थित जनसमूह को जीवन की क्षणभंगुरता को समझने, परमात्मा से जुड़ने और मानव जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया।

मोगा में आप विधायक के घर पर छापामारी के बाद अब जीरा पहुंची ईडी, पूर्व पटवारी के घर के बाहर सीआरपीएफ का पहरा

पटवारी नवदीप सिंह का 'आप' विधायक से क्या संबंध है, इसे लेकर चर्चाएं

- हालांकि, दोनों के बीच किसी कनेक्शन की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई
- मोगा जिले के धर्मकोट में तैनात रह चुका है और धोखाधड़ी में गिरफ्तार भी
- किसी व्यक्ति को घर के अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है

जालंधर सिटी लाइव



आप विधायक के 7 ठिकानों पर भी जारी है रेड

इससे पहले बुधवार सुबह करीब 6 बजे ईडी ने मोगा की आप विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा से जुड़े सात ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इन ठिकानों पर जांच जारी है। ईडी सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई नेशनल हाईवे नंबर 754ए के निर्माण के लिए अधिगृहित सरकारी जमीन के कथित फर्जी इंतकाल और मुआवजा घोटाले से जुड़े मामले में की जा रही है।

मोगा/फिरोजपुर। मोगा से आम आदमी पार्टी आप की विधायक डॉ. अमनदीप कौर अरोड़ा के ठिकानों पर छापेमारी के बाद अब ईडी की टीम ने फिरोजपुर जिले के जीरा में एक सस्पेंडेड पटवारी के घर दबिश दी है। ईडी की इस कार्रवाई के बाद पटवारी नवदीप सिंह का आप विधायक से क्या संबंध है, इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, दोनों के बीच किसी कनेक्शन की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह पटवारी पहले मोगा जिले के धर्मकोट में तैनात रह चुका है और धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार भी हुआ था। वह हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आया था। जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने जीरा स्थित सस्पेंडेड पटवारी नवदीप सिंह के घर पर छापेमारी की है। सुरक्षा के मद्देनजर घर के बाहर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के जवान तैनात किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। फिलहाल श्रष्ठ की टीम दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की जांच कर रही है।





05-11-2026_Layout 1 06-11-2026 01:24 Page 3

St. Soldier
GROUP OF INSTITUTIONS
SINCE 1958
EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE
64 YEARS OF EXCELLENCE
More Than Just Education...
2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses
➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄
CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg.
• Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg.
• Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, • Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science
• D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T.
• B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology
• B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care
• B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years)
• B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg.
• Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com
• M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com
LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE
ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

एचएमवी में दीपावली प्रदर्शनी में छात्राओं की रचनात्मकता ने बिखेरी चमक









जालंधर सिटी लाइव

जालंधर। हंसराज महिला महाविद्यालय, जालंधर में दीपावली के पावन अवसर पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और उद्यमशीलता का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी में डिज़ाइन, पेंटिंग, मल्टीमीडिया, फैशन डिज़ाइन, इंटीरियर डिज़ाइन एवं कॉस्मेटोलॉजी विभागों की छात्राओं के साथ-साथ एच.एम.वी. कॉलेजिएट स्कूल की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) एकता खोसला मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में छात्राओं द्वारा तैयार की गई हस्तनिर्मित कलाकृतियों, डिज़ाइनर फर्नीचर, आकर्षक वॉल क्लॉक्स, मनमोहक चित्रों, हस्तनिर्मित सौंदर्य उत्पादों, सजावटी लैंप, दीयों तथा अन्य नवीन एवं आकर्षक वस्तुओं का शानदार संग्रह प्रदर्शित किया गया। विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉलों ने भी प्रदर्शनी की रौनक बढ़ाई। प्रदर्शनी में टैटू आर्ट का विशेष आकर्षण रहा, जिसे रितिका वर्मा ने प्रस्तुत किया। उनके द्वारा तैयार किए गए रचनात्मक टैटू डिज़ाइनों ने कला की एक आधुनिक एवं अनूठी अभिव्यक्ति को दर्शाया। इस प्रदर्शनी ने छात्राओं को अपनी कक्षा में अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक रूप देने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। इसके माध्यम से छात्राओं ने रचनात्मकता, डिज़ाइन, शिल्पकला, प्रस्तुतीकरण एवं उद्यमशीलता जैसे कौशलों का प्रदर्शन किया। प्रत्येक स्टॉल पर सजी कलाकृतियाँ छात्राओं की कल्पनाशीलता, समर्पण और मेहनत की परिचायक थीं। प्राचार्या डॉ. एकता खोसला ने छात्राओं की रचनात्मकता, नवाचार एवं कलात्मक कौशल की भरपूर सराहना की। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने वाले सभी अध्यापकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से फैकल्टी हेड डॉ. राखी मेहता के नेतृत्व, दूरदर्शिता एवं प्रदर्शनी के सफल आयोजन हेतु किए गए समर्पित प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने डॉ. नीरू, डॉ. शैलेन्द्र, श्री आशीष, श्रीमती ऋषव, श्रीमती नवनीता एवं श्रीमती मुक्ति के बहुमूल्य योगदान और निरंतर मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की। यह प्रदर्शनी न केवल परिसर में दीपावली के उल्लास एवंउत्सवमय वातावरण का संचार करने में सफल रही,बल्कि इसने करके सीखने की अवधारणा को भी सार्थक रूप प्रदान किया। इस आयोजन ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने तथा अपने कौशल को उपयोगी एवं बाज़ारोन्मुख उत्पादों में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहाँ छात्राओं एवं अध्यापकों ने आकर्षक प्रदर्शनों का आनंद लेते हुए दीपावली के पर्व को रचनात्मकता, कला और आपसी सौहार्द के साथ मनाया।









के.एम.वी. द्वारा 'वाइब्रेंट एंड ग्रैंड दीवाली एक्सट्रावैगेंज़ा' का सफल आयोजन

केएमवी के उभरते उद्यमियों की कृतियों की शहर के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अत्यधिक सराहना की जाती है

जालंधर सिटी लाइव

कन्या महा विद्यालय द्वारा बहुत उत्साह और उमंग के साथ त्योहारों के मौसम का स्वागत करते हुए दीवाली एक्सट्रावैगेंज़ा-प्रदर्शनी-कम-बिक्री का आयोजन किया गया। इस शानदार समारोह के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री चंद्र मोहन जी, अध्यक्ष, आर्य शिक्षा मण्डल और श्रीमती नीरजा चंद्र मोहन, सदस्य, के.एम.वी. मैनेजिंग कमेटी थे। दोनों का फूलों के गुलदस्तों से स्वागत कॉलेज की डायरेक्टर प्रो. (डा.) अतिमा शर्मा दिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा चावला (उप प्रधान), डॉ. एस.पी. गुप्ता, डॉ. कमल गुप्ता, डॉ. दीपाली लूथरा, श्री कुंदन लाल (मैनेजिंग कमेटी सदस्य) भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम पी.जी. विभाग फैशन डिजाइनिंग, कॉसमटोलॉजी विभाग, फाइन आर्ट्स विभाग, पत्रकारिता और जनसंचार विभाग, रिटेलमैनेजमेंट विभाग, हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म विभाग और बॉटनी विभाग के साझे सहयोग से आयोजित कियागया। छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी और बिक्री के लिए तैयार की गई आकर्षक चीज़ों की प्रशंसा करते हुए श्री चंद्र मोहन जी ने कहा कि छात्राओं की प्रस्तुति और उत्साह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि के.एम.वी. में दी जाने वाली शिक्षा का मकसद सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में हुनर विकसित करना है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और यह कार्यक्रम उसी उद्देश्य का प्रमाण है। कॉलेज कैंपस इस दिन रंग-बिरंगेऔर त्योहारी माहौल से चमक रहा था। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए हाथ से बने सामान, मज़ेदार खेल,सेल्फी स्टेशन व डी.जे. आदि के साथ कई सुंदर स्टॉल लगाए गए थे। शहर के रहने वालों और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में के.एम.वी. की उभरती उद्यमी छात्राओं द्वारा लगाई गई ﷺइनोक्रिएशन ﷺ प्रदर्शनी रही, जिसमें उन्होंने अपनी कला और काबिलियतदिखाते हुए कई रचनात्मक चीज़ें जैसेङ्कस्वस्थ मिठाइयाँ, स्वादिष्ट स्नैक्स, हाथ से बने दीये, जैल कैंडल्स, घर सजावट की चीज़ें, जूट बैग, हर्बल साबुन और दीवार सजावट के लिए पेंटिंग्स व फोटो फ्रेम आदि प्रदर्शित किए। इसके अलावा पारंपरिक हस्तशिल्प और अन्य सामान के स्टॉल भी लगाए गए ताकि विद्यार्थी खरीदारी का आनंद ले सकें। कॉलेज की छात्राओं ने लोकप्रिय गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य कार्यक्रम से पूरा माहौल खुशी और उत्साह से गूंज उठा। आयोजन टीम डॉ. मधुमीत, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. हरप्रीत कौर और मिस गीतीका सिंह को बधाई देते हुए कॉलेज डायरेक्टर प्रो. (डा.) अतिमा शर्मा दिवेदी ने कहा कि इस तरह के त्योहारी कार्यक्रमन केवल विद्यार्थियों को ताज़गी और जोश प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें अपनी रचनात्मक व उद्यमी योग्यताओं को दिखाने के लिए एक मजबूत मंच भी देते हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करता है।

















सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने पिंगला घर, जालंधर में मनाई दिवाली







जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल: सेंट सोल्जर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने पिंगला घर में दिवाली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा, सेंट सोल्जर इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल मंगिंदर सिंह, ग्रुप के स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी पिंगला घर पहुंचे। स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगोली, फूलों और दीपक जलाकर पिंगला घर को सुंदर ढंग से सजाया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पोस्टर भी बनाए, जिन पर लिखा था, ×ह्वह्वश्हह्व;आइए, बिना धुएं के सांस लें×ह्वह्वश्हह्व;, ×ह्वह्वश्हह्व;पटाखों से बचें×ह्वह्वश्हह्व;, ×ह्वह्वश्हह्व;प्रकृति को बचाएं×ह्वह्वश्हह्व;, ×ह्वह्वश्हह्व;पर्यावरण अनुकूल वातावरण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है×ह्वह्वश्हह्व; आदि। पिंगला घर में दिवाली मनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज के इस वर्ग के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और अपनत्व की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन श्रीमती संगीता चोपड़ा ने पिंगला घर में रहने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को कंबल, फल एवं मिठाइयां वितरित कीं। इसके अतिरिक्त, श्रीमती चोपड़ा ने बच्चों के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किए और सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

05-11-2026_Layout 1 06-11-2026 01:24 Page 4

अमृतसर में हथियारों और नशा तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश

16 आरोपी गिरफ्तार, दो उजी गन, दो हैंड ग्रेनेड और 34 किलो हेरोइन बरामद



जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। पंजाब में गैंगस्टरों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध हथियारों, विस्फोटक सामग्री और नशा तस्करी से जुड़े कई नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अत्याधुनिक उजी सब-मशीन गन, पांच अवैध पिस्तौल, दो हैंड ग्रेनेड, 34 किलो हेरोइन और 26 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान फायरिंग की तीन घटनाओं को भी सुलझाने का दावा किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर विदेश में बैठे हैंडलरों के संपर्क में थे। ये हैंडलर पंजाब में आपराधिक तत्वों तक अवैध हथियार पहुंचाने का काम कर रहे थे। मामले में थाना घरिंडा, ब्यास, मेहता, लोपोके और छेहरटा में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और विदेश में बैठे हैंडलरों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध हथियारों और नशा तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के लिए कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। फोटो के लिए- बरामद उजी गन, पिस्तौल, हैंड ग्रेनेड और हेरोइन की पुलिस द्वारा जारी की गई असली तस्वीर लगाएं।

पंजाब में प्रदूषण ने बढ़ाई चिंता, कई शहरों की हवा हुई खराब



- खन्ना का एयर क्वालिटी इंडेक्स 256 तक पहुंचा, लोगों को सांस संबंधी परेशानियों का खतरा

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार चिंता बढ़ा रहा है। प्रदेश के कई शहरों में हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में पहुंच गई है। खन्ना में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जो खराब वायु गुणवत्ता को दर्शाता है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जालंधर में एक्यूआई 181, मंडी गोबिंदगढ़ में 151 और लुधियाना में 150 दर्ज किया गया। प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने, वाहनों से निकलने वाले धुएं और औद्योगिक प्रदूषण के कारण हवा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। लोगों को सुबह और देर शाम अनावश्यक रूप से खुले वातावरण में अधिक समय बिताने से बचने की सलाह दी जा रही है।

पराली जलाने पर पंजाब में सख्ती

5 जिलों के डीसी-एसएसपी को कारण बताओ नोटिस

- अब तक 9 जिलों के अधिकारियों पर कार्रवाई, बरनाला भी सूची में शामिल



जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। पंजाब में धान की पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सख्त रुख अपना लिया है। आयोग ने पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम रहने पर पंजाब के पांच और जिलों के डिप्टी कमिश्नरों (डीसी) और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। नए नोटिस जालंधर, फरीदकोट, बठिंडा, बरनाला और फाजिल्का जिलों के अधिकारियों को जारी किए गए हैं। इससे पहले गुरदासपुर, कपूरथला, अमृतसर और तरनतारन के अधिकारियों को भी नोटिस भेजे जा चुके हैं। इस तरह अब पंजाब के कुल नौ जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों पर आयोग की कार्रवाई हुई है। आयोग ने अधिकारियों से पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों और निगरानी व्यवस्था को लेकर जवाब मांगा है।

डीए बढ़ोतरी से कर्मचारी संगठन नाखुश, 13 नवंबर से पंजाब सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़। पंजाब सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा के बावजूद कर्मचारी संगठनों में नाराजगी बनी हुई है। कर्मचारी संगठनों ने इस बढ़ोतरी को नाकाफी बताते हुए सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। कर्मचारी संगठनों के अनुसार, प्रदेश के करीब चार लाख सरकारी कर्मचारी और साढ़े तीन लाख पेंशनभोगी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करेंगे। आंदोलन के पहले चरण में 13 नवंबर से 19 नवंबर तक संगरूर में लगातार धरना दिया जाएगा। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को उनका पूरा बकाया महंगाई भत्ता नहीं मिल रहा। उन्होंने सरकार से लंबित डीए की किस्तें जारी करने और कर्मचारियों की अन्य मांगों का समाधान करने की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो दिसंबर महीने में भी प्रदेश स्तर पर बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। इससे आने वाले दिनों में पंजाब सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच टकराव बढ़ने की संभावना है।

- संगरूर में सात दिन तक चलेगा धरना, दिसंबर में भी बड़े प्रदर्शन की तैयारी

जालंधर सिटी लवर्स न्यूज
स्वामी, संपादक, मुद्रक, प्रकाशित रमेश चन्द्र नैयार ने 66 गुरु हरिकृष्ण नगर बस्ती गुजां जालंधर से मुद्रित एवं वचितरा प्रिंटर महाऋषि दयानंद मठ मार्केट, धन्न मोहल्ला, जालंधर से प्रकाशित किया।
EDITOR : RAMESH CHANDER NAYYAR
Title Code : PUNHIN01951
Contact No : 9855559913
Responsible For Selections of News And Other Matter As Prb Act All Disputer Will Be Fi&ed Under The Jurisdictions of Distt. Jalandhr Courts.

HOUSE OF ZAIKA MULTI CUISINE RESTAURANT & MOKSHA Resort & Spa
Celebrate Every OCCASION in Style
Delicious Food. Warm Ambience. Memorable Moments.
PERFECT FOR Birthdays • Anniversaries • Family Gatherings Kitty Parties • Get Togethers & More
BIRTHDAYS · ANNIVERSARIES · FAMILY GATHERINGS · KITTY PARTIES · GET TOGETHERS & MORE
FOR GROUPS OF 25 - 250 GUESTS
VEG PACKAGE ₹1,399 NET PER PERSON
NON-VEG PACKAGE ₹1,599 NET PER PERSON
EXCLUSIVE PACKAGES
PACKAGE INCLUDES
WELCOME SOFT DRINKS · 2 REFRESHING MOCKTAILS · 3 + 3 SNACKS (VEG + NON-VEG) · MAIN COURSE · DELICIOUS DESSERTS · STANDARD DÉCOR · DJ & MUSIC
MULTI CUISINE DELIGHTS · WARM AMBIENCE · PERFECT FOR FAMILY & GROUPS · GREAT FOOD GREAT MEMORIES
BOOK YOUR SPECIAL DAY NOW! +91 89682 78024
We Make Your Celebrations UNFORGETTABLE!
Village, Naurangpur, MES Road, to, Jandu Singha, Kapur Pind, Punjab 144025

NHS HOSPITAL
NHS ORTHO ROBOTICS
R.I. HIP
REAL INTELLIGENCE HIP
World's Most Advanced AI Based ROBOTIC HIP REPLACEMENT offering advanced precision and faster recovery for patients.
Take the first step towards a pain-free life! Call: 98142-09405
Dr. Shubhang Aggarwal M.Ch. Orth. (U.K) Sr. Orthopaedic & Robotic Joint Replacement Surgeon
NHS HOSPITAL Opp. Sports College, Kapurthala Road, Jalandhar Ph.: 0181-4707700, 4633333 www.nhshospital.in

SHREE RAM NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज... बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180, 75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in

Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US +91 78143-89446
Expert Doctors · Advanced Technology · World Class Facilities · Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in